'वेदों को जन-जन तक पहुंचाएं'

Publish Date: | Sun, 17 Dec 2017 09:24 PM (IST)

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : जनपथ मार्ग स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए) मे...

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendations. By continuing to use our website, you agree to our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**.

OK

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :

जनपथ मार्ग स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए) में तीन दिन से चल रहे विश्व वेद सम्मेलन का समापन हो गया। सम्मेलन में देशभर से आए वेदाचार्य, धर्म गुरुओं, समाज सुधारकों और छात्रों ने भाग लिया। आयोजन में वेदों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। समापन अवसर को संबोधित करते हुए दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ.योगानंद शास्त्री ने कहा कि वेद सृष्टि का मूल है। हमें वेदों के पठन-पाठन पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक युवा पीढ़ी इस आदोलन के साथ नहीं जुड़ेगी तब तक इसका उद्देश्य सार्थक नहीं होगा।

स्वामी अग्निवेश ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से विश्व को एक परिवार के रूप में संगठित करने के अभियान को बल मिलता है। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि वेदों की शिक्षा पर चल कर ही अलगाववाद व आतंकवाद खत्म हो सकता है। जरूरी है कि यह महत्व युवाओं को बताने और उनके जानने की।

समापन समारोह में आइजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर राय की विशेष उपस्थिति रही, वहीं ठाकुर विक्रम सिंह, स्वामी आर्यवेश (प्रधान सार्वदेशिक सभा), स्वामी धर्मेश्वरानंद, विद्यासागर वर्मा (पूर्व राजदूत), आचार्य बलबीर शास्त्री, स्वामीचंद्र वेश, आचार्य विद्या प्रसाद मिश्र, डॉ.रूपकिशोर शास्त्री, डॉ. महावीर मीमासक, डॉ. विजय करन, आचार्या नंदिता शास्त्री, आचार्य पवित्रा विद्यालंकार, आचार्य सूर्या देवी समेत अन्य ने अपने संबोधन में वेदों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

Posted By: **Jagran**

और पढ़ें

अनसुलझी रही इन मामलों की गुत्थी, 2019 में न्याय की उम्मीद

delhi | 1 hour ago

Air Pollution : नए साल पर ढीली होगी आपकी जेब, जानें बढ़ते प्रदूषण और पैसे का रिश्ता

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendations. By continuing to use our website, you agree to our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**.

OK

delhi | 2 hours ago

दिल्ली में हवा बेहद जहरीली, तीन सालों में इस बार 31 दिसंबर रहा सबसे प्रदूषित

delhi | 3 hours ago

Weather Report: जनवरी के पहले हफ्ते में बारिश के आसार, प्रदूषण से भी मिलेगी राहत

delhi | 3 hours ago

पाकिस्तान में दसवीं पास भी नहीं, वो उड़ाते हैं इंटरनेशनल फ्लाइट

world | 1 day ago

मजदूर बने करोड़पति, पन्ना के इतिहास में सबसे महंगा बिका हीरा

news | 21 hours ago

केरल PSC भर्ती 2019: स्टेनो, एलडीसी, हाई स्कूल असिस्टेंट एवं अन्य पदों के लिए करें आवेदन

IIM कोझिकोड भर्ती 2019: 11 जूनियर असिस्टेंट एवं अन्य पदों के लिए करें आवेदन

जानिये विश्व में किस किस तरीके से नया साल मनाया जाता है?

Copyright © 2018 Jagran Prakashan Limited.
ABC DIGITAL CERTIFIED

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendations. By continuing to use our website, you agree to our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**.

OK